समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# निर्जला एकादशी पर भादरा मे भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाई ठंडाई की छबील, राहगीरों को पिलाया ताजा आम का रस।

Publisher
Published on 09 Jun 2025




## निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर विधायक संजीव बेनीवाल के सानिध्य मे भादरा के भाजपा कार्यालय मे छंबील का आयोजन, राहगीरों को बांटा गया ठंडा आम का रस।

सवांदाता,भादरा,राजस्
थान

**भादरा,राजस्थान :** निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर भादरा में **भाजपा कार्यकर्ताओं** द्वारा मानव सेवा का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया गया।
**भाजपा कार्यालय, भादरा** में विधायक **श्री संजीव जी बेनीवाल** के सानिध्य में इस अवसर पर ठंडाई की छबील लगाई गई, जिसमें राहगीरों को ताजा आम का रस और ठंडाई वितरित की गई।

इस कार्यक्रम में भाजपा के कई कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक शामिल रहे और **गर्मी के इस भीषण मौसम** में राहगीरों को **ताजगी और राहत** प्रदान की।

**मानव सेवा ही नारायण सेवा**
इस अवसर पर उपस्थित विधायक श्री संजीव बेनीवाल ने कहा, "निर्जला एकादशी जैसे पावन पर्व पर मानव सेवा का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। इस प्रकार के आयोजनों से समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलता है।"

कार्यक्रम के दौरान राहगीरों ने ताजे आम के रस का आनंद उठाया और भाजपा कार्यकर्ताओं के इस पुण्य कार्य की खूब सराहना की।

**कार्यक्रम मे रंहे ये लोग उपस्थित**

इस छबील आयोजन में प्रमुख रूप से ये गणमान्य लोग उपस्थित रहे:
**अनूप सिंह शेखावत, भागचंद जेवलिया, विमल गर्ग, सलीम बास्केटबॉल, दलवीर बिजारणियां, रवींद्र यादव, राजेद्रं राजपूत, कुलदीप बैनीवाल, श्याम लाल घेउवाला, गिरधारी सैनी, सिद्धार्थ झोरड़, सुशील लमोरिया, कमल जिंदल, यश सिंधी, करण सिंधी, महावीर नोखवाल, एडवोकेट अमरजीत, संदीप सिंघल, सनी गोयल, निर्मल स्वामी, हर्ष सैनी, मनीष रेवाड़ी, अर्जुन गुर्जर, कृष्ण बांगड़वा, मुकेश सेवदा** आदि।

सभी ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहयोग **दिया** और **मानव सेवा** में अपनी सहभागिता निभाई।

**राहगीरों मे दिखी खुशी**

गर्मियों की तपती दोपहर में जब राहगीरों को ठंडा **आम का रस** और **ठंडाई परोसी** गई तो सभी ने **भाजपा कार्यकर्ताओं** के इस सेवा भाव की तहेदिल से प्रशंसा की।

स्थानीय नागरिकों का कहना था कि इस तरह के आयोजन न केवल शरीर को ताजगी प्रदान करते हैं बल्कि समाज में पारस्परिक सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.